Fourteenth Loksabha

Session : 2
Date : 19-08-2004
Participants : Handique Shri Bijoy Krishna,Singh Smt. Pratibha

nt>

12.23 hrs.

RE: PROBLEMS BEING FACED BY THE PEOPLE OF LAHAUL-SPITI AND CHAMBA DISTRICTS DUE TO NON-FUNCTIONING OF TELEPHONE EXCHANGE

Title: Problems being faced by the people of Lahaul-Spiti and Chmba districts due to non functional telephone exchanges.

श्रीमती प्रतिभा सिंह (मंडी) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से आती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में मंडी, कुल्लू, चम्बा एवं किन्नौर जिले आते हैं। यह संसदीय क्षेत्र देश के संसदीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र के सीमावर्ती एवं अनुसूचित तथा पिछड़े जिले लाहौल-स्पीति, जिला किन्नौर एवं चम्बा की पांगी तथा भरमौर तहसीलें एवं उपमंडल किलाड़ में टेलीफोन एक्सचेंजों की बहुत कमी है। जो टेलीफोन एक्सचेंजों की वहां स्थिति है, उनकी भी दशा ठीक नहीं है। महीने में 20-20 दिनों तक टेलीफोन एक्सचेंजों का खराब रहना आम बात हो गई है।

जो थोड़े बहुत चलते हैं उनमें भी टेलीफोन उपभोक्ता स्पट बात नहीं कर पाते हैं।

महोदय, दूर संचार की नई नीति के कारण उक्त क्षेत्रों में टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। जहां पहले टेलीफोन केन्द्रों की स्थापना किया जाना स्वीकृत हुआ था, वहां नई नीति आने के बाद वे भी निरस्त कर दिए गए हैं। ऐसे पिछड़े एवं दूरदराज सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक दृटि अथवा लाभ कमाने की दृटि से दूरंसचार केन्द्रों की स्थापना नहीं की जानी चाहिए। हिमाचल प्रदेश में आबादी बहुत बिखरी है। वहां अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में लोग जीवन जीते हैं। यदि उन्हें टेलीफोन की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी, तो उनका जीवन दूभर हो जायेगा।

जनजातीय, क्षेत्र लाहौल-स्पीती में दारचा और तिंगरट में एमसीपीसी के माध्यम से टेलीफोन एक्सचेंज की स्थापना की जानी थी, लेकिन नई नीति के कारण वहां एक्सचेंज स्थापित नहीं हो सके। इसी प्रकार गांव हंसा और क्योटो में लोगों ने टेलीफोन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है। इन् गांवों की तुलनात्मक दृटि से घनी आबादी है लेकिन इन गांवों को लोस्सर दूरभाा केन्द्र से इसलिए नहीं जोड़ा जा सका क्योंकि इन गांवों की दूरी 10 किलोमीटर है। लाहौल-स्पीति के डिवीजनल हैडक्वार्टर स्पीती, चम्बा जिले की पांगी घाटी के उपमंडल किलाड़ और भरमौर घाटी में एडीआर उपलब्ध अभी तक नहीं कराया गया है जिसके कारण वहां टेलीफोन सुविधा से लोग वंचित हैं।

MR. SPEAKER: I am sure, the hon. Minister will take note of this.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): Yes, Sir.

श्रीमती प्रतिभा सिंह : **{ÉcÉ½ÉÒ A´ÉÆ nÚ®n®ÉVÉ FÉäjÉ cÉäxÉä ºÉä** … (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have spoken, on your behalf, to the Minister.

श्रीमती प्रतिभा सिंह : एक प्वाइंट और है। वहां वायरलैस इन लूप लाइन के माध्यम से टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने की बात कही जाती है लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। इसी प्रकार जिला मंडी की तहसील सरकाघाट, गोपालपुर क्षेत्र में मटियारा और धर्मपुर में टौरखोला, चच्योट क्षेत्र में शिलीबागी ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय **:** आप डिटेल भेज दीजिए, मंत्री जी देख लेंगे।

...(व्यवधान)

श्रीमती प्रतिभा सिंह : मेरा आपके माध्यम से संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से आग्रह है कि वहां दूरदराज क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के प्रति ध्यान दिया जाये। धन्यवाद।

MR. SPEAKER: Thank you for your cooperation.